हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–160 : जौनपुर, शुक्रवार 24 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## फार्मा हब बनेगा यूपी : रोजगार मिलने के साथ ही दवाओं के परिवहन पर होने वाला खर्च भी बचेगा

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश फार्मा हब बनने की ओर बढ़ रहा है। फार्मा पार्क और उप्र. इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट की स्थापना होने से इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ ही नई दवाओं की खोज भी हो सकेगी। इससे घरेलू दवा बाजार को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश में ही दवाएं तैयार हो सकेंगी। कई अन्य बदलाव भी स्वास्थ्य क्षेत्र में देखने को मिलेंगे। दरअसल, राज्य सरकार फार्मा क्षेत्र को उभारने की कवायद में जुटी है। इसी रणनीति के तहत बजट में फार्मा पार्क की स्थापना एवं विकास के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस पार्क के विकसित होने से दवाओं के परिवहन पर होने वाला खर्च भी बचेगा। फार्मा पार्क विकसित करने के लिए सरकार ने ललितपुर में करीब 2000 एकड़ जमीन चिह्नित की है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर 1560 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह लखनऊ के एसजीपीजीआई में डिवाइस पार्क और नोएडा के पास मेडटेक पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इससे साफ है कि दवा एवं उपकरण निर्माण के क्षेत्र में यूपी स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर है। अभी तक इस तरह के पार्क केरल, हिमाचल और कर्नाटक में ही हैं। यूपी में ज्यादातर दवाएं हिमाचल से ही आ रही हैं। एनबीआरआई, सीमैप, सीडीआरआई और आईआईटीआर जैसी वैज्ञानिक संस्थाएं पहले से ही हैं। इसका भी फायदा प्रदेश को मिलेगा। इंस्टीट्यूट बनने से शोध को मिलेगा बढ़ावा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट की स्थापना से शोध को बढ़ावा मिलेगा। दवाओं में प्रयोग होने वाले मूल केमिकल को नए सिरे से विकसित किया जा सकेगा। शोध के साथ ही फार्मा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। नई दवाएं उपलब्ध होंगी और




वैक्सीन बन सकेगी। मेडिकल टेक्नोलॉजी का विकास हो सकेगा। एकेटीयू केडीन इनोवेशन एंड इक्यूबेशन प्रो. बीएन मिश्रा का कहना है कि इंस्टीट्यूट के बनने से डायग्नोसिस किट भी तैयार हो सकेगी। अब नई दवाओं के खोज में जानवरों पर प्रयोग कम हो रहा है। ऐसे में भविष्य में ह्यूमन मॉडल बनाया जाएगा और उस पर प्रयोग किया जा सकेगा। नैनो मेडिसिन और पर्सनलाइल्ड मेडिसिन का रास्ता निकालेगा। केजीएमयू, पीजीआई सहित अन्य चिकित्सा संस्थानों के साथ मिलकर कृत्रिम उपकरण भी तैयार किए जा सकेंगे। प्रदेश में भरपूर मैनपावर उप्र. फार्मेसी काउंसिल के पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार यादव का कहना है कि इंस्टीट्यूट एवं फार्मा पार्क बनने से प्रदेश को नई दिशा मिलेगी। यहां भरपूर मैनपावर का उपयोग हो सकेगा। साथ ही बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश में करीब डेढ़ लाख से अधिक प्रशिक्षित फार्मासिस्ट हैं। हर साल करीब 20 से 25 हजार बी फार्मा, एम फार्मा, पीएचडी छात्र निकलते हैं। इनकी योग्यता का उपयोग हो सकेगा और फार्मा सेक्टर में बेरोजगारी कम होगी।

## प्रयागराज बहरिया कांड : दरोगा ने बर्बाद कर दी बेटे की जिंदगी : जांच करने पहुंचे एसीपी से मां ने सुनाई व्यथा

प्रयागराज ब्यूरो : बहरिया के सराय अजीज गांव में पुलिस को देखकर संजय नाम के युवक के छत से कूदने के मामले में दरोगा अजीत मौर्या को लाइन हाजिर कर दिया गया। एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव बृहस्पतिवार गांव पहुंचे। एसीपी ने परिजनों के बयान दर्ज किए और गांव के लोगों से घंटों पूछताछ की। संजय की मां ने कहा कि दरोगा ने बेटे की जिंदगी बर्बाद कर दी। उसे अपाहिज बना दिया। दबिश के दौरान पुलिस के डर से छत से कूदने पर जख्मी संजय भारती का भी सहसों स्थित अस्पताल जाकर बयान लेकर हस्ताक्षर करवाए। एसीपी की रिपोर्ट के बाद अधिकारियों ने दरोगा अजीत मौर्या को लाइन हाजिर कर दिया। अजीत के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई हो सकती है। एसीपी ने बताया कि कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इसमें भूमि विवाद में पुलिस को दबिश देने की क्या आवश्यकता थी। पीड़ितों के खिलाफ थाने में क्या कोई मुकदमा दर्ज है। हल्का दरोगा ने 20 हजार का लेनदेन किसके माध्यम से किया और दस हजार की डिमांड क्यों की जा रही थी। थाने की सरकारी जीप का प्रयोग किसके अनुमति से की गई। जीडी में रवानगी दर्ज है या नहीं आदि तमाम बिंदु शामिल हैं। संजय के घर वाले दरोगा अजीत मौर्या से बेहद खफा थे। उनका कहना था कि दरोगा ने रिश्वत के चक्कर में संजय को उसने अपाहिज बना दिया। अगर उन्हें इंसाफ नहीं मिला तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि सराय अजीज उर्फ महपूरा निवासी लल्लू भारतीय का आरोप है कि वह अपनी भूमिधरी में पारिवारिक बंटवारे के हिस्से पर अपना मकान बनवा रहा था। परिवार के कुछ लोगों ने इसकी शिकायत थाना बहरिया में की। जिस पर हल्का दरोगा ने थाने बुलवाया और एक ग्राम प्रधान के माध्यम से डरा धमका कर 20 हजार ले लिए। सोमवार को हल्का दरोगा ने लल्लू भारतीय के बेटे संजय भारतीय और रंजीत भारतीय को थाने बुलाया और उनसे 10 हजार की और डिमांड की। आरोप है कि इन लोगों ने जब पैसा



देने में असमर्थता जताई तो रात करीब 12 बजे हल्का दरोगा सिपाहियों के साथ उसके घर पहुंचे और दरवाजा और खिड़की पीटने लगे। इससे बच्चे और महिलाएं डर के मारे चीखने लगे। डर के मारे संजय भारतीय छत से नीचे कूद गया। इसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। रात में ही 108 एंबुलेंस बुलाकर उसको सीएचएसी फूलपुर ले जाया गया। जहां से सहसों स्थित एक नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया है। लल्लू भारतीय ने बहरिया पुलिस और हल्का दरोगा की मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त से शिकायत की। पहले पुलिस महकमा मामले को झूठा बताकर दबाने का प्रयास किया, लेकिन मामला तूल पकड़ने लगा तो बुधवार को जांच के लिए एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव पहुंचे। लाइन हाजिर कौन सी बड़ी कार्रवाई, सस्पेंशन हो पुलिस ने देर शाम तो दरोगा को लाइन हाजिर कर मामले को दबाने की कोशिश की। दरअसल 10 हजार की घूस न मिलने पर रात में घर में दबिश देने के मामले को तूल पकड़ता देख अफसरों ने न सिर्फ दरोगा की बल्कि अपनी भी गर्दन बचाई है। गांव वालों और घर वालों का साफ कहना है कि लाइन हाजिर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं है। दरोगा के खिलाफ कम से कम सस्पेंशन की कार्रवाई होनी चाहिए। जिस तरह से प्रयागराज पुलिस के ट्विटर हैंडल ने इस मामले को बयान जारी कर दिया था, उस पर भी सवाल खड़े हैं। ट्विटर पर संजय के घर वालों के आरोपों को बिना जांच के ही झूठा करार दे दिया गया था।

## धर्म परिवर्तन करने वाले पादरी सहित 3 लोग गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर थाना अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कराने वाले पादरी एवं महिला को गिरफ्तार किया गया है। डा. अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी बदलापुर शुभम तोदी के नेतृत्व प्र0नि0 संतोष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण व शांति व्यवस्था संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग दौरान सत्या शुक्ला (जिला संयोजक बजरंग दल) की तहरीरी सुचना प्राप्त हुई कि सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबंधक थामस जोसेफ के प्रभाव में पादरी सुजीत कुमार नि0 ग्राम बरबसपुर थाना बदलापुर जौनपुर द्वारा ग्राम भलुवाही के वार्ड न0 5 में स्थित कांति देवी के घर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया जा रहा है। इस सूचना पर बदलापुर पुलिस टीम द्वारा धर्म परिवर्तन स्थल उपरोक्त पर पहुंचकर विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कराने वाले पादरी व 2 महिलाओं को दिनांक 23.02.23 को गिरफ्तार किया गया



व साथ ही सुसंगत धाराओ मे एफआईआर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम 1.सुजीत कुमार पुत्र रतन चन्द्र नि0ग्रा0 बरबसपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2.शिवानी पाल पुत्री दिनेश पाल नि0ग्रा0 भलुवाही थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3.रीना विश्वकर्मा पत्नी हंसराज विश्वकर्मा नि0ग्रा0 भलुवाही थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।

## सर्राफा दुकान में सेंध लगा कर हुई लाखों की चोरी सवायजपुर की मेन मार्केट में गुरुवार की रात हुई वारदात

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई सवायजपुर में सर्राफा दुकान में सेंध लगा कर सोने–चांदी के जेवर और नगदी चोरी हो गई। चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। मेन मार्केट में हुई इस तरह की वारदात की खबर सुनते ही इलाकाई पुलिस वहां जांच करने पहुंची, साथ ही फोरेंसिक टीम एक–एक पहलू की छानबीन कर रही है। बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के सवायजपुर कस्बा निवासी मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र रामनरेश पाण्डेय की मेन मार्केट में सर्राफा और कापी–किताब की दुकान है। मनोज रोज की तरह गुरुवार की रात को अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। शुक्रवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो वहां गैलरी में सेंध देख कर वह घबरा गया।अंदर देखा तो वहां रखा सोने–चांदी का जेवर, जिसमें 50 ग्राम सोने व डेढ़ किलो चांदी के जेवर के साथ 900 ग्राम पुरानी चांदी के जेवर और तीन हजार की नगदी गायब थी। मनोज की तहरीर पर वहां पहुंची पुलिस ने





जांच करने के साथ–साथ वहां आस–पड़ोस के लोगों से पूछताछ की, वहीं फोरेंसिक टीम दुकान की एक–एक पहलू से छानबीन कर रही है।

## वी0आई0पी0 सिम कार्ड नंबर दिलाने के धोखाधड़ी व फ्रॉड करने वाले चार शातिर अभियुक्तों गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइनबाजार थाना अंतर्गत पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने वी0आई0पी0 नंबर दिलाने के बहाने लोगों से धोखाधड़ी / फ्रॉड करने वाले चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 07 मोबाईल, 01 लैपटॉप,01 लैपटॉप चार्जर,02 कनेक्टर, 07 ।ज्ड ,01 चेक बुक,13 सिम कार्ड व 4200 रु0 नगद बरामद किया है। इस मामले में शुक्रवार को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि लाइनबाजार थाने पर योगेश गौड़ ने प्रार्थना पत्र दिया था कि जौनपुर रहने वाले कुछ लोग वी0आई0पी0 मोबाइल नंबर देने के लिए फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचार प्रसार कर लोगों के साथ फ्रॉड करते है। योगेश से वीआईपी नंबर दिलाने के नाम पर फोन करके पैसे भी लिये है व और पैसे की मांग कर रहे है। इस सूचना पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत मु0अ0सं0 100/23 धारा 419,420,406,506,504 किया गया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा टीम गठित कर घटना के अनावरण हेतु टीमों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कुलदीप कुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा पंजीकृत मुकदमे में गिरफ्तारी हेतु थाना लाइनबाजार पुलिस थाना



से रवाना होकर रामदयालगंज पहुंची कि सर्विलांस प्रभारी रामजनम यादव मय टीम भी वहा आ गये। मुखबिर सूचना मिली कि मुकदमा में सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण इनपुट मिले हैं। जिसके मद्देनजर पुलिस टीम रामदयालगंज से गोमती नदी पुल क्रास करने के बाद सड़क के नीचे उतर कर मंदिर के पास पहुंचे कि कुछ व्यक्ति मंदिर के पास संदिग्ध हालात में दिखाई दिये। पुलिस टीम मंदिर के पीछे जाकर एक बारगी घेरकर दिखाई देने वाले चारों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया । जिनकी तलाशी के दौरान मोबाईल 7,लैपटॉप 1, लैपटॉप चार्जर 1, कनेक्टर 2, ।ज्ड 7, चेक बुक 1, सिम 13, 4200 रु0 बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही उपरान्त जेल भेजा गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में किशन जायसवाल पुत्र दयाशंकर जायसवाल निवासी नोनारी थाना नेवढिया जनपद जौनपुर ,सूरज पटेल पुत्र दयाशंकर पटेल निवासी रायपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर मोहम्मद हुसैन उर्फ मुन्नू पुत्र हलीम निवासी नोनारी थाना नेवढिया जनपद जौनपुर ,विनय जायसवाल पुत्र सतीश चंद्र जायसवाल निवासी जोगापुर जमालपुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर शामिल है।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## प्राईवेट अस्पतालों की हुई जांच

रवि कुमार की रिपोर्ट खजनी गोरखपुर : सिकरीगंज क्षेत्र में स्थित निजी अस्पतालो की गहनता से जांच किया। सीएमओ के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डाक्टर जेपी तिवारी ने टीम के साथ राजेश हाईटेक अस्पताल पर पहुंचकर जांच किये जांचोपरांत





रजिस्ट्रेशन पेपर की जांच किया जो आनलाइन रजिस्ट्रेशन था जिसका कागजात दो दिनो में उपलब्ध कराने को कहा डाक्टर तिवारी ने कहा अगर कागजात कम्प्लीट नही रहेगा तो अस्पताल को सीज कर दिया जायेगा।जब शुभम सेवा आश्रम अस्पताल पर पहुंचे तो संचालक अस्पताल बंद कर फरार हो गया तो स्वास्थ्य टीम ने नोटिस चस्पा कर दिया। वही पर स्थित कुलसुम हास्पीटल तथा अहमद क्लिनिक एवं संजिवनी अस्पताल की जांच हुई तो उन लोगो का रजिस्ट्रेशन सही पाया गया। सिकरीगंज में स्वास्थ्य टीम अधिकारियों के पहुंचने की सूचना मिलते ही तमाम पैथालॉजी सेंटर और मेडिकल स्टोर बंद कर फरार हो गए । चिकित्सा अधिकारी ने जांच के बाद कहा कि जो लोग बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल चलाते हुए पाये गये तो उन्हें सिल कर दिया जायेगा। इस दौरान डाक्टर जेपी तिवारी, दीपक कुमार, अवनीश श्रीवास्तव, नवनीत कुमार, रवी यादव ,अजय गुप्ता, सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## फेंकी मिली बच्चों को बांटने की दवा आयरन की गोलियां

रवि कुमार की रिपोर्ट खजनी गोरखपुर : उरूवा दुघरा रोड पर एक विद्यालय के पास खेत में बच्चों में रक्त अल्पता दूर करने वाली एक्सपायर दवा आयरन की गोली फेंकी मिली ।आयरन की टैब भारी मात्रा में फेंके जाने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारी एक दूसरे




पर आरोप लगाने लगे। उरूवा– दुघरा मार्ग पर गुरुवार को एक विद्यालय के पास खेत मे भारी मात्रा में आयरन की गोली फेंकी मिली। जिसको अज्ञात लोगों द्वारा थोड़ी देर बाद जला दिया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरूवा डॉ जेपी त्रिपाठी ने बताया कि इस बैच की गोली बीआरसी उरूवा को छात्रों में बाटने के लिए दी गई थी। जबकि एबीएसए जयंत कुमार का कहना है कि दवा विद्यालयों को दे दी गई थी । जो स्वस्थ्य कर्मियों के माध्यम से छात्रों को खिलानी थी। आरबीएसके टीम के प्रभारी डॉ नित्यानन्द का कहना है कि पहले स्वास्थ्य कर्मी दवा खिलाने विद्यालय पर जाता था । स्कूल के सिड्यूल के खराब होने से पढ़ाई बाधित होती थी इस कारण से स्कूल के टीचर को दवा खिलाने के लिए ट्रेंड कर दिया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आज की सुंदर यात्रा केवल तब शुरु हो सकती है, जब हम कल को जानें देना सीखते हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खतरे भी कम नहीं

यदि हम कृत्रिम मेधा तकनीक का सहारा लेकर मौलिक ढंग से सोचना–विचारना ही बंद कर देंगे, तो बौद्धिक–जड़ता के शिकार हो जाएंगे।

इन दिनों कृत्रिम मेधा या कृत्रिम बुद्धि यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) काफी चर्चा में है। और अब उसका विस्तार 'चौटजीपीटी' (चौट जेनरेटिव प्री–ट्रेंड ट्रांसफर्मर) के माध्यम से हो रहा है। 'ओपनएआई' नामक कंपनी ने नवंबर, 2022 में अपनी यह वेबसाइट शुरू की और देखते–ही–देखते लाखों लोग इससे जुड़ गए। यह वेबसाइट सबको इसलिए आकर्षित कर रही है, क्योंकि यहां लॉगइन करने के बाद आप कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर पा सकते हैं।

लेकिन 'एआई' एक ऐसी नई तकनीकी है, जो मनुष्य की मौलिकता को खत्म कर सकती है, या कर रही है। अब जैसे किसी व्यक्ति को किसी अवसर विशेष की कविता लिखनी है, तो वह इस कृत्रिम मेधा की मदद से एक कविता लिख सकता है। मतलब लोग एआई के जरिये अब लेखक भी बन सकते हैं, भले ही वे विचार शून्य और प्रतिभाहीन हों। बस उसे तकनीक की जानकारी होनी चाहिए। सोचिए तो जरा, यह कितनी खतरनाक स्थिति है। अब मनुष्य की जगह मशीन सोचेगी और जवाब देगी तथा आदमी बैठकर पित्जा खाएगा!

तकनीकी के इस नए पड़ाव से बचना चाहिए। यह ठीक है कि कभी–कभी कोई महत्वपूर्ण जानकारी पाने के लिए हम 'एआई' का इस्तेमाल जरूर करें, लेकिन मौलिक चिंतन या सृजन के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा न लें, तो ही बेहतर। इसके लिए ईश्वर प्रदत्त मेधा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मेधा को तेज करने के लिए अध्ययन जरूरी है। मगर अब नई पीढ़ी अध्ययन–मनन करना ही नहीं चाहती, क्योंकि वह सुविधाभोगी हो गई है।

जिस युवा पीढ़ी से हम कर्मठता और चपलता की उम्मीद करते हैं, वह इतना आलसी हो जाएगा, इसकी कल्पना नहीं थी। खैर, ये तो समय–सापेक्ष विसंगतियां हैं। जैसे अब स्मार्ट फोन आ गए हैं, तो छोटे–छोटे बच्चे बाहर जाकर खेलने के बजाय मोबाइल चलाने में ही लगे रहते हैं। नन्हा शिशु भी मोबाइल पर कार्टून देखकर खाना खाना चाहता है। यह सब हमें अब झेलना भी है और इसे रचनात्मक हथियार भी बनाना है। आज गूगल के जरिये अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां हमें मिल जाती हैं। किसी भी क्षेत्र की कोई सूचना हो, गूगल में टाइप करने पर विस्तार से वह जानकारी हमारे सामने आ जाती है। अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए गूगल का इस्तेमाल करना चाहिए। लेकिन गूगल में दी गई जानकारी को जस–की–तस उतारना नहीं चाहिए, बल्कि संबंधित सूचनाओं के आधार पर अपना मौलिक चिंतन पेश करना चाहिए।

चौटजीपीटी के जरिये हम अपने अनेक सवालों के जवाब पा सकते हैं। यह मॉडल बिल्कुल मनुष्यों की तरह आपके हर सवाल का जवाब दे सकता है। धीरे–धीरे इस माध्यम से लाखों लोग जुड़ते चले जा रहे हैं। भविष्य में भी जुड़ते जाएंगे। बस, खतरा यही है कि इसका इस्तेमाल करते–करते लोग कहीं अपना मौलिक–चिंतन, अपनी मौलिक–मेधा ही न भूल जाएं। जब आप 'एआई' की मदद से कविता एवं लेख लिखेंगे, तो आपकी अपनी मौलिकता क्या रह जाएगी! यह तो एक तरह से रचनात्मक चोरी हुई। मुहावरे में कहूं, तो उधार का सिंदूर।

ठीक है कि छात्रों को पढ़ाई से संबंधित अनेक प्रश्नों का समाधान इसमें मिल सकता है। व्यवसायी को एआई के जरिये कुछ टिप्स भी मिल सकते हैं। हमें अनुवाद के जरिये किसी चीज को समझने में मदद मिल सकती है। यहां तक तो ठीक है, लेकिन मौलिक सृजन अगर खत्म हो जाएगा, तो सोचिए, हमारी अपनी ईश्वर प्रदत्त मेधा का क्या होगा? यदि हम कृत्रिम मेधा का सहारा लेकर सोचना–विचारना ही बंद कर देंगे, तो बौद्धिक–जड़ता के शिकार हो जाएंगे। इसलिए एआई का इस्तेमाल बहुत जरूरी मुद्दे पर ही करना चाहिए। अगर हम 'एआई' या 'चौटजीपीटी' के सहारे ही रहने के आदी हो गए, तो यह भी हो सकता है कि कभी–कभी गलत सूचना या रचना सामने आ सकती है, जिससे हमें नुकसान भी उठाना पड़ सकता है, या शर्मिंदगी झेलनी पड़ सकती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## अनुसूचित जाति जन जाति एवं अन्य पिछड़ें वर्ग हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

जौनपुर सू.वि. : शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ें वर्ग के न्यूनतम इण्टरमीडिएट शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को लिपिकीय स्तरीय प्रतियोगिता सम्बन्धित एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए सम्मिलित विषयों में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित, सचिवीय पद्वति, बुक कीपिंग एण्ड ऐकाउन्टेन्सी, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि तथा कम्प्यूटर शिक्षा प्रमुख हैं। अर्ह अभ्यर्थियों की आयु 01 अप्रैल 2023 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अप्रैल 2023 से प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु उक्त वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों से विलम्बतम 23 मार्च 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार 24 मार्च 2023 को तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 25 मार्च 2023 को प्रातः 10 बजे से शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर में होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता /जाति से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लायें। प्रशिक्षण सम्बन्धी समस्त जानकारी हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय,जौनपुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा होरिल राव इण्टर कालेज कुॅवरपुर परीक्षा केंद्र का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के द्वारा यू०पी० बोर्ड परीक्षा–2023 के होरिल राव इण्टर कालेज कुॅवरपुर परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सी०सी०टी०वी० कक्ष का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा– निर्देश भी



दिए। कम्प्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रुम सील होने की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि रुम सील करते समय हस्ताक्षर और दिनांक अवश्य लिखा जाये। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान सभी कार्मिको द्वारा आई कार्ड अवश्य लगाया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की तलाशी अच्छे से की जाए। बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था होना चाहिए। उन्होंने कहा की विद्यार्थियो को किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।

# बिजली की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई क्षेत्र के हथौड़ा समेत कई गांवों में लगातार कई दिनों से बिजली न आने से आम ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। आपको बता दें कि विकास खंड भरखनी के गाँव हथौड़ा तथा पड़ोसी गाँव मान नगला, विसौली,विलसरी आदि अन्य कई गांवों में लगभग 10 दिनों से बिजली गुल रहने से ग्रामीणों के कई कामकाज ठप पड़े हैं। लगभग 10 दिन से बिजली न आने से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी सवायजपुर को ज्ञापन सौंपा है। तहसील सवायजपुर क्षेत्र के विकास क्षेत्र भरखनी के अंतर्गत ग्राम हथौड़ा समेत कई गाँवो में 10 दिन से लगातार बिजली नहीं आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कभी कभार बिजली आ जाती है तो इतना कम बोल्टेज होता है कि कोई भी बिजली के उपकरण का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।कम बोल्टेज की बजह से कई लोगों के समर खराब हो गये हैं। लो बोल्टेज और लगातार बिजली न आने से पानी न मिलने के कारण रबी की फसलें बर्बाद हो रहीं हैं।बिजली विभाग की उदासीनता के चलते किसान काफी परेशान हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग को इस संबंध में कई बार अवगत कराया गया लेकिन शिकायत के बाद भी बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है। मजबूरन ग्रामीणों को सवायजपुर एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह की शरण लेनी पड़ी और उनको ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है।और ज्ञापन में किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द से जल्द सुधार नहीं हुआ तो हम सभी ग्राम हथौड़ा एवं अन्य पड़ोसी ग्रामीण किसान वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

# खोजी पत्रकार सत्येंद्र को निजी खुन्नस में गोरखपुर पुलिस ने बना दिया हिस्ट्रीशीटर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : योगी राज में आज दोपहर इस पत्रकार को गोरखपुर पुलिस ने हिस्ट्री शीटर घोषित किया और शाम तक गिरफ्तार कर लिया। ये खोजी पत्रकार सत्येंद्र हैं जो अपनी बेबाक रिपोर्टिंग के चलते पुलिस समेत कई विभागों की आँख की किरकिरी बन गए थे। एक पत्रकार के साथ ऐसा सलूक किया जाएगा, ये उम्मीद न थी। सत्येंद्र अपनी बाइक से जा रहे थे। पुलिस वालों ने अपनी जीप से सत्येंद्र की बाइक पर धक्का मारकर उन्हें गिरा दिया और फिर गिरफ्तार कर लिया। आज शाम को ही सत्येंद्र को लेकर भड़ास पर एक खबर प्रकाशित की गई थी जिसमें सत्येंद्र ने सारे तथ्य सामने रख दिए थे। आज इस पत्रकार के शर्मनाक तरीकेे से उत्पीड़न के खि्लाफ आवाज चारों तरफ गूंज रही है आज इस पत्रकार को गोरखपुर पुलिस ने हिस्ट्री शीटर घोषित कर गिरफ्तार कर लिया। पिछले 6 सालों में कई बार फाइनल रिपोर्ट लगा चुके हैं तथा मुकदमा करने वाले व्यक्ति ने स्वयं यह शपथ पत्र देकर खुलासा कर दिया था कि उससे यह मुकदमा चढ़ा बढ़ा कर रंजिश में लिखवाया गया था । मुकदमा संख्या 317/2017 धारा 419, 420 147 थाना शाहपुर में मुकदमा करने वाले व्यक्ति ने खुद शपथ पत्र देकर कोर्ट को यह बता दिया था कि मुकदमा पत्रकार के खिलाफ दुश्मनी में रंजिशन लिखवाया गया था इसलिए वह मुकदमा भी कोर्ट ने खारिज कर दिया । मुकदमा संख्या 17/2023 धारा ..मेडिकल कौंसिल एक्ट के तहत थाना गुलरिहा में लिखा गया जिसमें आरोपी अस्पताल संचालक और अस्पताल का डॉक्टर था । पुलिस ने पत्रकार को इस मुकदमे में गवाह बनाने की नोटिस भी जारी कर चुकी थी लेकिन अपने साहब को खुश करने की खातिर करामाती तौर पर आखिरी क्षणों में गुलरिहा पुलिस ने पत्रकार का नाम मुकदमे में बढ़ा दिया । ये तो रही गोरखपुर पुलिस करामाती करतब और हिस्ट्रीशीट में शामिल मुकदमो के असलियत की कहानी, लेकिन अब यह भी जान लीजिए कि पत्रकार सत्येन्द्र कुमार




हैं कौन ? पत्रकार सत्येन्द्र कुमार आज लगभग 18 सालों से गोरखपुर में रह रहे हैं। इनके पास एक मकान के सिवा कोई प्रॉपर्टी नही है। सत्येन्द्र कुमार के पिता एक रिटायर फौजी हैं जिन्होंने देश की रक्षा के लिए दो बार जंग लड़ी । पत्रकार सत्येन्द्र कुमार की शिक्षा दीक्षा अपने पिता के साथ ड्यूटी में रहने के दौरान नागपुर प्रयागराज कानपुर आदि जगहों पर अंग्रेजी माध्यम से सम्पन्न हुई। सत्येन्द्र कुमार एन डी ए का प्री एग्जाम भी क्लियर कर चुके थे लेकिन कुछ पारिवारिक समस्याओं की वजह से उन्हें राह बदलनी पड़ी । सत्येन्द्र कुमार ने बड़ी बडी मल्टीनेशनल फार्मा कंपनियों जैसे हाइग्लांस, इप्का, कैडिला सिप्ला आदि में रीजनल हेड और जोनल हेड तक कि जिम्मेदारी निभाई है । आज भी सत्येन्द्र वकालत की पढ़ाई कर रहे हैं । इन्हें पहली पोस्टिंग गोरखपुर में 2004 में सिप्ला फार्मा में मिली थी जब यह गोरखपुर आये ।सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन 2010 में प्रेम विवाह करना उनके लिए घातक साबित हुआ और उनपर पहला मुकदमा लिखा गया और उन्हें पहली बार जेल काटनी पड़ी । बाहर आने के बाद जेल जाने के पीछे की पड़ताल सत्येन्द्र कुमार ने जब करनी शुरू की तो वे पत्रकार बन गए और ऐसे सबूत निकलकर सामने आ गए जिसने यह साबित किया कि पुलिस ने चंद रुपयों के लिए एक इंसान को जेल भेजकर उसका जीवन तबाह कर दिया था । इस घटना से आहत पत्रकार सत्येन्द्र कुमार ने पत्रकारिता की राह चुनी और अब तक उन्होंने किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर आज तक नही बक्शा । बस इनका यही जुनून आज गोरखपुर के एक पुलिस अधिकारी को रास नही आ रहा था इसलिए आज गोरखपुर पुलिस की हिस्ट्रीशीट ने यह साबित कर दिया कि वह अपनी ताकत का इस्तेमाल अपराध खत्म करने के लिए नही बल्कि एक इंसान को अपराधी बनाने और उसे अपराधी दर्शाने के लिए करती है ।

## आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के मैनेजर गौरव दूबे हुए घायल

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली– (हरदोई) कर्ज की वसूली करने गये एक बैंक मैनेजर को कुछ दबंग बकायेदारों ने लात घूसों एवं लाठी–डंडों से पीटा जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल बैंक मैनेजर को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। शाहाबाद बस स्टैंड स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के मैनेजर गौरव दुबे अपनी टीम के साथ अमन ट्रेडर्स मोहल्ला महमंद के यहां वसूली करने के लिए गये थे। बकौल मैनेजर गौरव दुबे उनकी फर्म के मालिक मजहरूद्दीन पुत्र सैफुल्ला से बातचीत हो रही थी। इसी बीच उनका भाई रिजवान और फुरकान आ गया। गाली गलौज करने लगा। मैनेजर ने गाली गलौज का विरोध किया तो उपरोक्त मजहरूद्दीन, रिजवान और फुरकान ने लाठी और डंडों से हमला कर दिया जिससे शाखा प्रबंधक के चेहरे पर काफी चोटे आई हैं और शाखा प्रबंधक लहूलुहान हो गये। तत्काल शाहाबाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई । पुलिस ने बैंक मैनेजर को डॉक्टरी



परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया । जहां डॉक्टर का इलाज चल रहा है। आपको बताते चलें मजहरूद्दीन का छोटा भाई रिजवान पुत्र सैफुल्ला काफी दबंग किस्म का है, रिजवान ने शाखा प्रबंधक को गाली गलौज करना प्रारंभ किया। विवाद बढ़ने पर रिजवान और फुरकान ने ही लाठी–डंडों से हमला किया जिसमें मजहरूद्दीन भी शामिल हो गया। रिजवान ग्राम ककरघटा का मूल निवासी है और काफी दबंग माना जाता है।

## कंप्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया लखनऊ चैप्टर का टेक–टॉक सत्र एवं सम्मान समारोह आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया, लखनऊ चौप्टर ने माइक्रोसॉफ्ट इंडिया द्वारा होटल गोल्डन ऑर्किड, निराला नगर, लखनऊ में माइक्रोसॉफ्ट उत्पादों के साथ अधिकतम उत्पादकता पर एक टेक–टॉक सत्र का आयोजन किया। मुख्य वक्ता ध्रुव सोनी, तकनीकी विशेषज्ञ, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया थे। श्री सोनी ने विभिन्न माइक्रोसॉफ्ट उत्पादों पर एक सूचनात्मक व्याख्यान दिया और बताया कि कैसे ये उत्पाद अधिकतम उत्पादकता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सत्र में लगभग 50–60 विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभाग, निजी तकनीकी संस्थान, शैक्षणिक विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया लखनऊ चौप्टर के सदस्य आदि ने भाग लिया। टेक–टॉक सत्र के बाद, कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया, लखनऊ चौप्टर ने प्रो. भरत भास्कर, निदेशक (नियुक्त) भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद और मिलिंद राज, सीईओ रोबोज लैब को सम्मानित किया। प्रो. भरत भास्कर आईआईटी रुड़की से स्नातक हैं और उन्होंने अपना एम.एस. और पीएच.डी. वर्जीनिया पॉलिटेक्निक संस्थान और स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए से किया स उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत में प्रसिद्ध संगठनों की सेवा की। वह आईआईएम लखनऊ में प्रोफेसर, डीन और निदेशक और आईआईएम रायपुर के निदेशक रह चुके हैं। अब उन्हें आईआईएम अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नंबर 1 बिजनेस स्कूल ऑफ इंडिया के निदेशक के रूप में सबसे प्रतिष्ठित नौकरी सौंपी गई है। प्रो. भास्कर के पास कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया की सदस्यता का फेलोशिप ग्रेड भी है। उन्हें सामान्य



रूप से सीएसआई और समाज के प्रति उनके अनुकरणीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। मिलिंद राज विश्व स्तरीय रोबोटिक्स स्टार्ट–अप के सीईओ हैं और हाल के दिनों में कई जिंदगियों के लिए एक सिद्ध रक्षक हैं। वह 6000 से अधिक छात्रों को भविष्य के लिए तैयार होने के लिए सलाह दे रहे हैं और वह देश भर में सैकड़ों स्टार्टअप के लिए सफलता का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। अत्यधिक समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ, वह एक नए और शक्तिशाली भारत के निर्माण के लिए अपनी दृष्टि और मिशन के वास्तविक जीवन के उदाहरणों को स्थापित करने में अग्रणी रहे हैं। हाल ही में, मिलिंद राज 24 जनवरी 2023 को लखनऊ में आई एक प्राकृतिक आपदा में ''सुपर हीरो'' रक्षक साबित हुए, जब एक 5 मंजिला अपार्टमेंट ताश के पत्तों की तरह ढह गया और कई मानव जीवन मलबे के नीचे दब गए। उन्होंने बिना समय गंवाए एक ''खोज उपकरण'' विकसित किया और एनडीआरएफ और एसडीआरएफ अधिकांश मनुष्यों को बचाने में कामयाब रहे। उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। वह मानव जीवन को बचाने से लेकर भारत के युवाओं को बेहतर संस्करण में बदलने के लिए एक नेक काम के लिए अपना जीवन लगा रहे हैं। सीएसआई लखनऊ चौप्टर के साथ उनका जुड़ाव युवा छात्रों के लिए बहुत उपयोगी रहा है। कार्यक्रम के संयोजक अरविंद शर्मा ने प्रो. भरत भास्कर, मिलिंद राज, ध्रुव सोनी और सभी विशिष्ट अतिथियों, मीडिया कर्मियों और उपस्थित सीएसआई के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन किया। तिलक राज रातरा डायरेक्टर च्मदजंबसम, आर ए एस त्यागी, अनिल कुमार श्रीवास्तव, दीपक शर्मा, हरीश चंद्र गुप्ता, श्याम गर्ग, विनय कुमार जौहरी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# लड़कियों के बीच जमकर हुई मारपीट : सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : कैंट थाना क्षेत्र के जीडीए टावर में दो लड़कियां आपस में एक दूसरे का बाल नोचने लगी जीडीए टावर की दुकानदारों ने बताया कि दोनों लड़कियां मोमो की दुकान पर पहुंचकर मोमो खाने का आर्डर देती हैं किन्ही बातों को लेकर आपस में भिड़ जाति हैं कड़ी मशक्कत के बाद एक दूसरे से अलग किया जाता है पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई ने बताया कि जीडीए टावर में लड़कियों को लड़ते हुए वीडियो वायरल हो रहा है जांच के आदेश दे दिया गया है तहरीर मिलने पर वैधानिक कारवाही किया जायेगा दोनो लडकियो को महिला थाने पर कौंसलिग के लिए बुलाया गया है। गोलघर स्थित जीडीए टावर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां दो लड़कियों के गुटों में जमकर मारपीट हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दोनों गुट के बीच करीब 20 मिनट तक लात–घूंसे और खूब जमकर गाली गलौच हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।बताया जा रहा है, वायरल वीडियो शहर के गोलघर में स्थिति जीडीए टॉवर का है। गुरुवार शाम को अचानक लड़कियों के दो गुटों में मारपीट शुरू हो गई। यह देखकर लोगों में हड़कंप मच गया।लड़कियां एक दूसरे का बाल खींचकर मारपीट कर रही थीं। दोनों पक्षों में करीब 20 मिनट तक लड़ाई हुई। इस दौरान पुलिस भी थी लेकिन वो बस मूकदर्शक बनी रही। उनके बीच मारपीट क्यों हुई, यह पता नहीं चल पाया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने वीडियो की जांच का आदेश दिए हैं। महिला थाने पर बुला कर कौंसलिग किया जायेगा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर बेधानिक कार्यवाही किया जायेगा।

## अवैध पैथालॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों ने दिखाया स्वास्थ्य विभाग को ठेंगा : पुनः खोल लिए अवैध सेंटर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उरूवा में बीते शनिवार को अवैध रूप से संचालित केबी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के बाद सीएमओ गोरखपुर आशुतोष कुमार दुबे द्वारा टीम गठित कर अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटलों, पैथोलॉजी सेंटरों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की गई।दो दिन पूर्व हुए इस कार्यवाही से हड़कम्प मच गया।लेकिन तीसरे दिन अवैध पैथालॉजी सेंटर संचालकों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालकों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी नोटिस को ठेंगा दिखाकर अपने सेंटरों का संचालन शुरू कर दिया। दो दिन पूर्व कार्यवाही के डर से अवैध रूप से संचालित सेंटरों व हॉस्पिटलों के संचालक जहाँ अपनी दुकान में ताला लगाकर फरार हो गए थे।अब इनके हौसले बुलंद होने से कई तरह की चर्चाएं लोग कर रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग ने बंद पड़े सेंटरों पर यदि पुनः खुला तो एफआईआर किया जाएगा का नोटिस चिपका दिया था।चर्चा है कि क्या अब स्वास्थ्य विभाग इन अवैध सेंटरों के विरुद्ध एफआईआर कराएगा? प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरूवा के सामने ही चल रहा अवैध लैब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरूवा के सामने चंद कदम की दूरी पर ही अवैध पैथालोजी संचालित हो रहा है।जबकि उक्त लैब पर एडिशनल सीएमओ की टीम ने दो दिन पूर्व ही नोटिस चिपकाया था।ऐसा नहीं कि स्वास्थ्यकर्मियों व खुद प्रभारी चिकित्साधिकारी उरूवा की नजर उस पर न जाती हो।लेकिन अवैध रूप से लैब संचालक का हौसला इस कदर बुलन्द है कि खुलेआम




मरीजों की जांच कर रहा है।इस सबंद मे जब चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर जे .पी तिवारी से बात किया गया तो उन्होने कहा कि अब अगर अवैध पैथालॉजी, हॉस्पिटल खुला हुआ पाया गया तो उन पर एफआईआर दरज जाएगा।

## घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लाक मुख्यालय के बगल लोहरा की पाही पर गुरुवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उपचार हेतु जिला मुख्यालय ले गए। जहां से बेहतर उपचार हेतु बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। खुटहन गांव निवासी उदयशंकर दूबे का 19 वर्षीय पुत्र रितेश दूबे गुरुवार की देर शाम बाइक से एक वैवाहिक कार्यक्रम से वापस घर लौट रहा था। उक्त पाही के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में मौत हो जाने के बाद रोते बिलखते परिवारजन शव लेकर घर आ गए। बगैर पुलिस को सूचित किए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## अवैध संबंधों के चलते हैं पति ने पत्नी की धारदार हथियार से मारकर की हत्या पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहाँ एक पति ने अपने पत्नी की अवैध संबन्दों के चलते चाकू से मारकर मौत के घाट उतार दिया।इस बात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर आरोपी पति को हिरासत में लेकर हत्या में प्रयोग चाकू बरामद कर शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। नगर थाना कोतवाली क्षेत्र के तारापुर कॉलोनी में एक युवक ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से वारकर उसकी हत्या कर सनसनी फैला दी पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जांच में जुटी हुई है। अफजल की पत्नी अकीला बनो का किसी युवक के साथ अवैध संबंध था इसको लेकर काफी नाराज था इसी के चलते उसने गड़ासे से से वार कर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया ।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी अफजल को गिरफ्तार कर लिया है और जांच में जुट गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी सिटी ने सुभाष मौर्य की पत्नी द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई विचार में एक ऑटोरिक्शा चालक किराए पर रहता था वह अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर फरार हो गया है यह परिवार मुर्गा अयोध्या के रहने वाले हैं मुकेश से आला कार्ड बरामद कर लिया गया है आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है प्रथम दृष्टया मामला अवैध संबंधों का बताया जा रहा है।

## किसान सम्मान निधि को पाने हेतु केवाईसी करवाना करें सुनिश्चित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड धर्मापुर के ग्राम पंचायत बघन्द्रा में ग्राम की समस्या ग्राम में समाधान विषय पर जनचौपाल का आयोजन किया गया। बघन्द्रा में कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ धर्मापुर काशीनाथ सोनकर ने की । इस दौरान उन्होने कार्यक्रम में आये लोगो को सम्बोधित करजे हुये कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि का लाभ लेने के लिये यदि अभी भी केवाईसी करवाने से वंचित रह गये हों तो तत्काल केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने मौके पर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान योजना, एकल पाइप पेयजल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजना, पंचायत कार्यालय से मिलने वाली सुविधाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी।एडीओ एजी राम आजाद ने लोगों को कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में बताया। ग्राम विकास अधिकारी श्रुति गुप्ता ने कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी । मौके पर चौपाल में आए शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विमलेश यादव, सचिव धर्मेंद्र राय, अरविंद यादव, प्रधान नीरज यादव, ऊषा देवी, लेखपाल आंगनबाड़ी , आशा अन्य विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विभिन्न मांगो को लेकर रसोईयों ने किया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुजानगंज क्षेत्र के सुजानगंज स्थित बी आर सी पर रसोईयों ने विभिन्न मांगो को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर उपाध्याय के नेतृत्व में एक मासिक बैठक आयोजित की गई और विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुजानगंज के प्रांगण में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सभी रसोईयों की एक मासिक बैठक आयोजित की गई ।जिसमे विभिन्न मांगो के लेकर एक प्रदर्शन किया गया।रसोईयों ने मानदेय के समय समय पर वृद्धि ,शिक्षा मित्र और अनुदेशकों की तरह हर महीने की दस तारीख तक खाते में वेतन आ जाय,वर्ष में कुछ अवकाश प्रदान किया जाय आदि मांग की।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा, संजू,शिल्पा, उषा देवी,नगीना ,श्यामा देवी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलशयात्रा : सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आगाज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर क्षेत्र के तालामझवारा गांव में जनकल्याण हेतु सुक्रवार को पंडित दुबरी चौबे के आवास पर सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा समारोह के पहले दिन यज्ञाचार्य आचार्य पंडित रामलखान त्रिपाठी,रजनीश पाठक,मृतुंज्य पांडेय के सानिध्य में विधि–विधान के साथ वेदी पूजन किया गया। तत्पश्चात तालेश्वर महादेव मंदिर से भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल पीतांबर धारी महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण कर प्रभु का गुणगान करते हुए चल रही थी। कलश यात्रा तालेश्वर महादेव मंदिर सा मंदिर के पास जल लेकर चौरा माता मंदिर होते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। कथा व्यास आचार्य पंडित आचार्य प्रमोद त्रिवेदी जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत के अनुसरण से भक्त का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर बड़े ही सौभाग्य से प्राप्त होता है।इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

### शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव में मारपीट : पांच घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव में शुक्रवार को मामुली विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दोनो पक्षों से पांच लोग घायल हो गए सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह मोबाइल पर मिस्डकाल को लेकर दो पक्ष आमने सामने भिड गए। दोनों पक्षों के बीच चले लाठी डंडे व ईंट पत्थर से दोनों तरफ से उक्त गांव निवासी विजय (15)पुत्र स्व भोला रंभा देवी (40)पत्नी स्व भोला व पूजा (18)पुत्री स्व भोला व दूसरे पक्ष से अशोक बिंद (40)पुत्र बनवारी व लीलावती (32)पत्नी अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुची कोतवाली पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर रंभा व पूजा को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी।

## संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत ‘स्वच्छ जल स्वच्छ मन’ परियोजना का किया गया शुभारंभ

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75 वें ‘अमृत महोत्सव’ के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सानिध्य में दिनांक 26 फरवरी दिन रविवार को अमृत परियोजना के अंतर्गत ‘स्वच्छ जल स्वच्छ मन’ का शुभारंभ किया जाएगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण तथा इसके बचाव हेतु अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं क्रियान्वित रुप देना है। इस परियोजना का मुख्य बिंदु जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। यह जानकारी देते हुए संत निरंकारी मंडल के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल बताया कि अमृत परियोजना के अंतर्गत जौनपुर शहर के गोमती नदी के तट गोपी घाट एवं हनुमान घाट की सफाई करने का कार्य मिशन के सेवादारों द्वारा एवं समर्पित श्रद्धालुओं द्वारा महात्मा मानिकचंद तिवारी जी जोनल इंचार्ज के नेतृत्व में 26 फरवरी दिन रविवार को सुबह 8:00 बजे से लेकर दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा। बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा समाज कल्याण हेतु जीवनपर्यंत आनेक कार्य किये गये जिसमें स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का आरंभ प्रमुख है और उन्हीं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष संत निरंकारी मिशन द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशन में अमृत परियोजना का आयोजन किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन



के सचिव आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा जी ने इस परियोजना संबंधित विस्तृत जानकारी दी कि यह परियोजना संपूर्ण भारत वर्ष के लगभग 1000 स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशाल रूप से आयोजित की जाएगी जिनमें मुख्यतः आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार दीप समूह, आसाम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दमन और दीव, दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तिलगंना त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल इत्यादि सम्मिलित है। इस परियोजना में निरंकारी मिशन के करीब 1.5 लाख स्वयंसेवक अपने सहयोग द्वारा ‘जल संरक्षण’ एवं और ‘जल निकायों’ जैसे समुद्र तट, नदियां, झीले, तलाब, कुंए, पोखर, जोहड़, विभिन्न झरनों, पानी की टंकियों, नालियों और जल धाराओं इत्यादि को स्वच्छ एवं निर्मल बनाएंगे। मिशन की लगभग सभी शाखाएं इस अभियान में सम्मिलित होंगी और आवश्यकता पड़ने पर अलग–अलग शाखाएँ भी निर्दिष्ट क्षेत्रो में सामूहिक रूप से इन सभी गतिविधियों में अपना योगदान देगी।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)कोतवाली नगर क्षेत्र के देवकाली चौकी क्षेत्र में स्थित घसियारी मंडी किरायेदार मृतक जयजय राम यादव पुत्र हनुमान प्रसाद यादव निवासी गद्दोपुर थाना कैंट जनपद अयोध्या ने गुरुवार को फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे आनन–फानन में जिला चिकित्सालय ले आये जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।देवकाली चौकी प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि मृतक जयजय राम यादव कोरियर का काम करता था।जो देवकाली चौकी क्षेत्र में स्थित स्थित घसियारी मंडी में राजेश कुमार नंद मकान मालिक के घर पर कमरा लेकर दूसरी मंजिल पर रहता था।गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि कमरे में उक्त युवक ने फांसी लगा लिया है।इसकी सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर मृतक युवक को उतरवाकर जिला अस्पताल ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने उक्त युवक को मृतक घोषित कर दिया।डॉक्टरों के द्वारा उनके जेब से एक सुसाइड नोट भी मिली।

## भारत सरकार की टीम ने ग्राम पंचायतों में लिया विकास का जायजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकास खण्ड सोहावल की ग्राम पंचायत हरिबंधनपुर,सारंगापुर में भारत सरकार की टीम के डिप्टी सेकरेट्री अरुण कुमार मिश्रा एंव अंडर सेकरेट्री अजय कुमार ने विकास कार्यों सहित मूलभूत सुविधाओं एवं रजिस्टर आदि का बड़ी गहनता से जायजा लिया। ग्राम प्रधान पंचायत सदस्यों कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए ग्राम पंचायत के विकास कार्यों पर चर्चा की। ग्राम पंचायत के माँ तुलसी स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए चिप्स को चखा और अपने साथ ले गए एंव समूह को 500 का पुरस्कार भी दिया स ग्राम पंचायत अधिकारी सुशील पांडेय द्वारा ग्राम पंचयतों में कराए जा रहे गुणवत्ता पूर्ण कार्यों को लेकर केंद्रीय टीम द्वारा सुशील पाण्डेय सहित जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा डीपीएम उपेंद्र तिवारी व अंकुर मिश्रा की पीठ थपथापाई।

## घटिया ईंट और गुणवत्ता विहीन बालू से हो रहा है पंचायत भवन का निर्माण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय मछली शहर ब्लाक के रामपुर कटाहित गांव में बन रहे पंचायत भवन में गुणवत्ता विहीन ईंट और बालू का प्रयोग किया जा रहा है ऐसा गांव वालों का आरोप है कि इतना घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है कि पंचायत भवन 1 साल भी नहीं चल पाएगा सरकार इतना धन देकर बढ़िया सा बढ़िया काम करना चाह रही है वही ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव, खंड विकास अधिकारी की मिलीभगत से सरकारी योजनाओं का बंटाधार किया जा रहा है । सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ सुनील कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके गुणवत्ता विहीन बन रहे पंचायत भवन की जांच की मांग की है । उनका कहना है कि इसकी जांच करवाई जाए और अनिमियतता पाये जाने पर भी जो भी संबंधित प्रधान,ग्राम सचिव ,विकास खंड अधिकारी हैं उन पर कार्रवाई की जाए।

## खनन माफिया पर बड़ी कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर क्षेत्र के लमहन गाँव में गुरुवार देर सायं अवैध ढंग से जमीन की खुदाई कर मिट्टी बेचने के आरोप में एसडीएम ऋषभ पुण्डीर ने एक जेसीबी, तीन ट्रैक्टर को थाना महाराजगंज पुलिस को सौपते हुए वाहनों को सीज करने का निर्देश दिया है ! गौर तलब है कि एसडीएम ऋषभ पुंडीर को यह शिकायत मिलती थी कि क्षेत्र में खनन माफिया हावी हैं अवैध ढंग से निजी जमीन पर गहरा खनन कर मिट्टी निकालकर प्रतिदिन बेच रहे है गुरुवार को शाम एस.डी.एम. द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान महाराजगंज रोड के किनारे स्थित ग्राम लम्हन में 5 फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा कर मिट्टी उठाए जाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया. मौके पर एक जे.सी.बी, तीन ट्रैक्टर जिनमें से एक भरा हुआ और दो खाली सभी चार वाहन बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के पाए गए. मौके पर थाना महाराजगंज पुलिस को बुलाकर सभी चारों वाहनों को थाने पर दर्ज करा दिया गया है ! एसडीएम ऋषभ पुण्डीर ने बताया है कि पकड़े गए वाहन स्वामी के विरुद्ध कार्यवाही के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी गयी है! एसडीएम की इस कार्रवाई से मिट्टी का अवैध उत्खनन करने वालों में हडकम्प मचा हुआ है!

### अपाची सवार बदमाशों ने व्यापारी के पचास हजार उडाए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत दूकान मे बैठे ब्यापारी से अपाची सवार बदमाशों ने पचास हजार की छिनैती कर फरार हो गये ।पूरी घटना सीसीटीवी मे कैद हो गई ।पुलिस घटना की तहकीकात मे जुटी हुई है। साहबगंज(सब्जी मंडी) निवासी धनश्याम गुप्ता का कास्मेटिक की थोक दूकान है ।शुक्रवार को दोपहर डेढ़ बजे वह अपने दूकान पर बैठे थे तभी दो अपाची सवार बदमाश दूकान की रेकी कर रहे थे ।कुछ देर के बाद दोनो बदमाश दूकान पर चढ़े और पर्फ्यूम मांगा ।दूकानदार धनश्याम गुप्ता ने उन्हे पर्फ्यूम दिया ।पैसा वापस करते समय वह पचास हजार की गड्डी से निकाल कर उसे पैसा वापस कर रहे थे इसी दरम्यान बदमाशों ने उनके हाथ से पचास हजार लेकर फरार हो गये ।दूकानदार के मुताबिक कुछ देर तक उन्हे होश नही आया कि उनके साथ हुआ क्या। होश मे आते ही वह पैसा देखने लगे तो पैसा गायब था लोग इधर उधर दौड़े लेकिन बदमाशों का कोई पता नही चला ।घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी मे कैद हो गई ।ब्यापार मंडल आलोक गुप्ता ने घटना की जानकारी थानाध्यक्ष विवेक तिवारी को दी वह मौके पर पहुंचे और नगर के चारो तरफ बैरेकेटिंग कर बदमाशों की तलाश मे जुट गये ।इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक तिवारी का कहना है कि ब्यापारी के साथ उचक्का गिरी की गई है जल्द ही उचक्के पुलिस के गिरफ्त मे होगे।

## भूमि विवाद में चले लाठी डंडे : तीन घायल : दो हिरासत में

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पारापट्टी गांव में शुक्रवार को सुबह लगभग दस बजे विवादित जमीन पर एक पक्ष द्वारा ईट गिराए जाने को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गए, दोनो पक्षो में लाठी डंडे चलें। इस मारपीट की घटना में एक पक्ष से अनिल कुमार 32, फिरतू 62 व दूसरे पक्ष से अरविंद गौतम 34 घायल हो गए। एक पक्ष के द्वारा दी गई मारपीट की सूचना पर पहुची पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों से दो लोगों को हिरासत में ले लिया तथा उन्हें थाने ले आई और कार्रवाई में जुट गई। इस मामले में पूछे जाने पर गौराबादशाहपुर थाने के उप निरीक्षक रमा शंकर पांडेय ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की सूचना मिली थी। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## गिद्ध पक्षी को देखने को लगी भीड़

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद क्षेत्र के गजफ्फरपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर को घायल अवस्था मे एक विशाल पक्षी को देखकर गांव के बच्चे शोर मचाने लगे ।लोगों की आवाज सुनकर गांव के बड़े लोग मौके पर पहुंच गए ।वहां पर लोगों ने देखा कि लापता हो चुका गिद्ध पक्षी है ।उसे हल्की चोट लगी थी ।गांव के युवकों बंटी यादव तथा अन्य ने गिद्ध को पानी पिलाया ।उसके बाद उसे थोड़ी दूर सुरक्षित स्थान पर रख कर मीडिया के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दिया ।गिद्ध मिलने की सूचना पर बच्चे तो छोड़िए बड़े भी देखने पहुंचने लगे ।बच्चो के लिए यह आश्चर्य जनक रहा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं तराशने की जरूरत –पूर्व विधायक

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : विकासखंड करजाकला के सैदपुर गडौर गांव में शिव बरन शिक्षण संस्थान का वार्षिकोत्सव एवं निर्माण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई कला खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित किया। शिवबरन शिक्षण संस्थान आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सपा के पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष लालबहादुर यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बशर्ते इन्हें तराशने की जरूरत है और जिसकी जिम्मेदारी माता पिता के साथ साथ शिक्षकों की होती है। बच्चों को अच्छी शिक्षा कला खेलकूद के प्रति रूचि दिखाएं और जो जिस क्षेत्र में जाना चाहता है उसे उसी क्षेत्र में प्रोत्साहित करें। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव ने कहां की शिक्षकों को चाहिए बच्चों को ध्यान रखें और वह गलत दिशा की तरफ रुख ना कर पाए ।समरनाथ सिंह चौहान ने कहा कि आजकल बच्चों को पहले गुरु माता पिता है वह बच्चो पर ध्यान रखे। सपा के वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले ने कहा कि बच्चों के तकनीकी शिक्षा पर ध्यान दें और तकनीकी शिक्षा मे रोजगार की काफी अवसर हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य



छोटेलाल यादव ,जिला पंचायत सदस्य डॉ जीतेंद्र कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा व गजराज यादव ने बच्चों के पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद पर जोर दिया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति की। जिसकी सभी लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन दारा सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर साहबलाल यादव ,उर्मिला चौहान, निर्मला पाल, रंगबहादुर चौहान, अभिषेक चौहान, अविनाश चौहान, जितेंद्र यादव, मिठाईलाल चौहान, रामचंद्र, पन्नालाल, भानु प्रताप ,मनीष जैसवाल राकेश, रणधीर, जगदीश, उग्रसेन ओमप्रकाश, नगीना मौजूद रहे।

## जार्जटाउन में रेस्टोरेंट के बाहर भीषण बमबाजी में दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त : मचा हड़कंप

प्रयागराज ब्यूरो : रेस्टोरेंट मालिक के भांजे से कुछ लड़कों का हुआ था विवाद, उन्हीं लड़कों ने किया हमला प्रयागराज। जार्जटाउन थाने के पास अलडोराडो रेस्टोरेंट के बाहर बृहस्पतिवार की रात जमकर बमबाजी की गई। तीन गाड़ियों से आए लड़कों ने रेस्टोरेंट गेट पर एक के बाद कई बम मारे जिससे वहां अफरातफरी मच गई। घटना के बाद हमलावर भाग निकले। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रेस्टोरेंट मालिक के भांजे से कुछ लड़कों का विवाद हुआ था। उन्होंने ही हमला किया। जार्जटाउन क्षेत्र में संदीप पांडेय ने अलडोराडो नाम से रेस्टोरेंट खोला है। रात में करीब साढ़े नौ बजे पल्सर बाइक, स्कूटी तथा एक अन्य गाड़ी से लड़के पहुंचे और गेट पर बमबाजी शुरू कर दी। एक के बाद एक कई बम मारे तो वहां अफरातफरी मच गई। जो लोग अंदर थे, वे डर के मारे छिपने लगे। बमबाजी से वहां गाढ़ा धुआं फैल गया। बमबाजी करने वाले युवक गाली गलौज भी कर रहे थे। रेस्टोरेंट के बाद दो कार खड़ीं थीं। बमबाजी में दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। हमलावर लड़के जब वहां से भाग निकले तब लोग रेस्टोरेंट से बाहर निकले। जो लोग रेस्टोरेंट के अंदर थे, वे काफी डर गए थे। कई लड़के लड़कियां और परिवार वाले भी घटना के समय अंदर मौजूद थे। संदीप पांडेय की सूचना पर एसीपी कर्नलगंज राजेश यादव और जार्जटाउन थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। संदीप पांडेय ने बताया कि उनके भांजे के साथ सिविल लाइंस में कुछ लड़कों ने मारपीट की थी। उन्हीं लोगों ने हमला किया है। एसीपी ने बताया कि कुछ लड़कों के नाम पता चले हैं। यह भी जानकारी मिली है मारपीट करने वाले लड़कों का गिरोह है। जो न सिर्फ मारपीट करते हैं बल्कि इंस्टाग्राम पर मारपीट का वीडियो भी अपलोड करते हैं। इसी गिरोह पर शक है। पुलिस ने रात में ही आरोपियों की तलाश में कई जगह दबिश दे रही है।

## दो हत्यारोपियों ने जेल में ही तय किया बेटे–बेटी का रिश्ता : पेरोल पर जेल प्रशासन ने छोड़ा

कौशांबी ब्यूरो : हत्या के अलग–अलग मामलों में सजा काट रहे दो लोग सलाखों के पीछे ही रिश्तेदार बन गए। दोनों ने अपने बेटे–बेटी की शादी का रिश्ता तय कर लिया। इसके बाद सजा काट रहे वर–वधू के पिताओं ने जेल प्रशासन से विवाह का साक्षी बनने के लिए पेरोल की इजाजत मांगी। जेल प्रशासन की रिपोर्ट पर शासन ने पेरोल की अनुमति दे दी। पिपरी कोतवाली के कटहुला गांव निवासी सुमित तथा धारा सिंह हत्या के एक मामले में 10 साल की सजा काट कर रहे हैं। जेल में धारा सिंह की मुलाकात सरायअकिल कोतवाली के अतरसुइया निवासी अर्जुन सिंह से हुई जो हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।अर्जुन तथा धारा सिंह के बीच जेल में बीत रहे पल दोस्ती में बदल गए। दोस्ती टूटे नहीं, इसे लेकर दोनों ने आपस में रिश्तेदार बनने का फैसला लिया। धारा का बेटा सुमित जेल में सजा पूरी करके छूट चुका है। अर्जुन ने अपनी बेटी के वर के तौर पर सुमित को चुना। उसने यह बात धारा से बताई तो वह भी तैयार हो गया। शादी की सारी तैयारियां की गईं। इस पर सुमित के पिता धारा तथा बेटी के पिता अर्जुन ने पेरोल मांगी थी। पुलिस अभिरक्षा में वर–वधू के सजायाफ्ता पिता को पेरोल पर छोड़ा गया। बुधवार को धूमधाम से शादी की रस्में पूरी हुईं। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद विवाह की रस्म निभाने के लिए कैदी अर्जुन सिंह को 21 दिन तथा धारा सिंह को चार दिन का पेरोल दिया गया है। पेरोल खत्म होने के बाद उन्हें फिर से जेल में दाखिल करा दिया जाएगा।
– भूपेश सिहं, प्रभारी जेल अधीक्षक

## बसपा पूर्व विधायक के कोल्ड स्टोरेज में बॉयलर फटा : पांच की मौत एवं 50 से अधिक घायल

मेरठ ब्यूरो : मेरठ जनपद के दौराला क्षेत्र में बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह के कोल्ड स्टोरेज में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। बताया गया कि कोल्ड स्टोरेज में बॉयलर फट गया, जिसके चलते गैस रिसाव हो गई है और पूरी छत ही उड़ गई। सूत्रों के मुताबिक, पांच मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 50–60 मजदूर घायल हुए हैं। हालांकि अभी मरने वालों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया गया कि कुछ मजदूर मलबे में दबे तो कुछ रिसाव से बेहोश हुए हैं, जिनको मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह का दौराला में शिव शक्ति के नाम से कोल्ड स्टोरेज है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर 3:30 बजे कोल्ड स्टोर में बॉयलर फट गया। जिससे अमोनिया गैस का रिसाव पूरे कोल्ड स्टोर में हो गया। गैस रिसाव होने से कुछ मजदूर घायल हो गए। इसी बीच कोल्ड स्टोरेज की छत भी उड़ गई, जिसमें दर्जनों मजदूर मलबे में दब गए। वहीं घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। वहीं बेहोश हुए मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा हैं। इलाके में अफरा–तफरी का माहौल है। बताया गया कि सभी मजदूर जम्मू–कश्मीर के थे और ये कल ही काम पर आए थे। फिलहाल पुलिस प्रशासन की टीमें राहत बचाव कार्य में लगी हैं। टीमों का कहना है कि मजदूरों को चिह्नित करने का काम बाद में किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि पहले राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। वहीं मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर और स्टाफ अलर्ट पर हैं। घायलों के लिए 20 बेड तैयार किए गए हैं। सीओ सिविल लाइंस के



साथ तीन थानों की फोर्स भी मौके पर मौजूद है। एंबुलेंस को तेजी से निकालने के लिए सड़क पर भी जगह–जगह पुलिसकर्मी तैनात है। तीन शव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे हैं। घटना की जानकारी लगने पर डीएम, एसएसपी, एडीएम सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, सीएमओ और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे। वहीं कमिश्नर भी मौके पर पहुंच गए हैं। इनके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, पूर्व विधायक संगीत सोम भी मौके पर पहुंचे। एक के बाद एक जा रही एंबुलेंस हादसे के बाद मौके पर दर्जनों एंबुलेंस और आला अधिकारी पहुंच गए हैं। एक के बाद एक लगभग 11 एंबुलेंस मलबे में दबे मजदूरों को लेकर मेरठ पहुंच गई। बचाव कार्य जारी है। वहीं अधिकारियों के निर्देश पर 2–3 जेसीबी मौके पर बुलाई गई है, जो मलबे को हटाकर दबे हुए मजदूरों को बाहर निकालने में लगी है।

# रौजागाँव चीनी मिल द्वारा किया गया 17 फरवरी तक के गन्ना मूल्य का भुगतान

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।भेलसर(अयोध्या)बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई रौजागांव द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2022–23 में 17 फरवरी तक क्रय किए गए गन्ने का गन्ना मूल्य 10.04 करोड़ रुपए का भुगतान दिनांक 23–02–2023 को कर दिया गया है तथा किसानों का गन्ना मूल्य किसानों के संबंधित बैंक खाते में भेज दिया गया है। चीनी मिल के यूनिट हैड सुधीर कुमार ने किसानों से अपील की वे मिल को साफ–सुथरा,जड़,मिट्टी,अगोला,पत्ती रहित ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें।इस मौके पर यूनिट हैड सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रौजागाँव चीनी मिल किसानो का गन्ना मूल्य भुगतान साप्ताहिक रूप से समय से कर रही है तथा चीनी मिल परिसर मे किसानो के लिए सभी मूलभूत सुविधाए जैसे पेय जल की व्यवस्था,2 किसान विश्रामालय,कैंटीन,6 शौचालय आदि कि व्यवस्था है।किसानो की समस्या के समाधान के लिए किसान हेल्पडेस्क काउंटर भी गन्ना विभाग मे संचालित है जहा कृषको की पर्ची भुगतान आदि विभीन्न प्रकार की समस्याओ का निस्तारण किया जाता है।इस मौके पर इकबाल सिंह महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों से अपील की है कि किसान भाई पर्ची का ै.ड.. आने के बाद ही गन्ने की कटाई करें,बिना पर्ची के गन्ने की कटाई कदापि न करे तथा अपना बेसिक कोटा बनाने हेतु अपनी ही पर्ची पर गन्ने की आपूर्ति करे जिससे आगामी वर्ष में गन्ना आपूर्ति में कठिनाई का सामना न करना पड़े।साथ ही किसान भाई अपने मोबाइल इनबॉक्स समय–समय पर खाली किया करे जिससे उन्हें गन्ने की पर्ची,भुगतान आदि के ै.ड.. प्राप्त हो सके तथा जिन किसान भाइयों ने अभी तक अपना आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर अपनी समिति मे ERP पर फीड नहीं कराये है वे जल्द से जल्द अपना आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर म्त्च पर अपडेट करा ले जिससे इन्हे पर्ची व भुगतान से संबन्धित संदेश मिलते रहे।साथ ही इकबाल सिंह महाप्रबंधक गन्ना ने किसान भाइयो से अनुरोध किया कि किसान भाई बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु स्वस्थ गन्ना प्रजाति का गन्ना बीज ब्व. 15023,Co. 0118 – Colk 14201 अपने क्षेत्र के सुपरवाइजर से मिल कर शीघ्रता के साथ सुरक्षित करा लें जिससे कि ससमय बुवाई हो सके। साथ ही किसान भाईयों से अनुरोध है कि गन्ने की फसल में कटाई (हार्वेस्टिंग)से 8–10 दिन पहले एक(01)सिचाई अवश्य कराए जिससे गन्ने के वजन में किसी प्रकार का कमी नहीं आएगी एवं उसकी पेडी में भी बहुत अच्छा फुटाव होगा।इसके साथ ही अच्छी पेड़ी की पैदावार लेने के लिए पेड़ी प्रबंधन यंत्र(त्डक)या ट्रेश मलचर का प्रयोग करने के साथ साथ ठूंठों पर ईथाफोन का छिड़काव अवश्य करें जिससे कि पेड़ी का फुटाव अच्छा हो।सभी किसान भाई बलराम एप का नया वर्जन गूगल प्ले स्टोर से डाउन्लोड कर खेती,पर्ची,भुगतान आदि से संबन्धित समस्त सूचना प्राप्त करने के साथ साथ अपनी समस्या का निस्तारणध्प्रशनों का उत्तर प्राप्त कर सकते है।

# अब श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या पहुंचना होगा आसान : जल्द बनेगा रिंग रोड : तीन जिलों से होकर गुजरेगी सड़क

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।डीएम नीतीश कुमार ने कहा कि यह जो रिंग रोड बनाया जाएगा, यह थाना रौनाही के पास से दोनों साइड बस्ती और अयोध्या के बीच से निकाला जाएगा.धर्म नगरी अयोध्या (।लवकीलं) को सजाया और संवारा जा रहा है. बढ़ते श्रद्धालुओं को देखते हुए अयोध्या के मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है, जिस तरह से श्रद्धालु लगातार रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। रोजाना लाखों की संख्या में भीड़ राम नगरी में जुट रही हैं जिसको देखते हुए रिंग रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा। अब श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या पहुंचना और भी आसान हो जाएगा.धार्मिक नगरी अयोध्या को पर्यटन के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। अयोध्या को 3 जिलों को छूकर निकलने वाले रिंग रोड के जरिए अयोध्या के किसी भी कोने में पहुंचना और भी आसान हो जाएगा जिसके लिए उत्तर प्रदेश की सरकार 67.5 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण की योजना बना रही है. राम नगरी के रिंग रोड के निर्माण की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। यह रिंग रोड 3 जिलों से होकर गुजरेगा। रिंग रोड के निर्माण के लिए तैयार किया गया प्लान अयोध्या, गोंडा और बस्ती से होते हुए रिंग रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा।नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने रिंग रोड के निर्माण के लिए जमीन के सर्वे का काम भी पूरा कर लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार के रिंग रोड बनाने का सबसे मुख्य कारण यह है कि भगवान रामलला के मंदिर का जो निर्माण कार्य चल रहा है, जब मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा तो देश और विदेश में बैठे राम भक्त कैसे अयोध्या पहुंचे उनको अयोध्या पहुंचने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो, इसके लिए रिंग रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। रिंग रोड के निर्माण के लिए प्लान तैयार किया गया है. रिंग रोड पर 11 बड़े और 12 छोटे फ्लाईओवर बनाए जाएंगे।4 स्थानों पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य किया जाएगा।अयोध्या के जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा कि यह जो रिंग रोड बनाया जाएगा, यह थाना रौनाही के पास से दोनों साइड बस्ती और अयोध्या के बीच से निकाला जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गोरखपुर के आगे का जो ट्रैफिक है वह डायरेक्ट रिंग रोड से जा सकेगा। अयोध्या में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु आएंगे तो उनको एक सुविधा यहां पर होगी और फोरलेन के साथ दो–दो लाइन का सर्विस लेन बनेगा।

# खिलाड़ी प्रियंका ने विश्वविद्यालय को दिलाया स्वर्ण पदक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की खिलाड़ी प्रियंका कुमारी ने चंडीगढ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित अखिल भारती अंतर विश्वविद्यालय क्वान की डो महिला प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रियंका के 71 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की झोली में इस वर्ष का पहला स्वर्ण पदक दिलाकर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। इस प्रतियोगिता के टीम कोच सुरेश कुमार सिंह रहे।विश्वविद्यालय खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाडी छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की महिला खिलाडी खेल में गौरवशाली सफलताएं अर्जित कर रही है जो कि महिला सशक्तिकरण का परिचायक है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए और पदक जीतने की उम्मीद की। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह, कुलसचिव उमानाथ, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ0 संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ0 राना रोहित सिंह, महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो वी. पी. सिंह, महामंत्री प्रो. जितेंद सिंह, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ0 अनुराग पांडेय, डॉ0 विनय कुमार सिंह, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ अनिल मिश्रा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ0 मुकेश वर्मा सहित अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# हिन्दू राष्ट्र निर्माण के लिए 13 अप्रैल को जंतर मंतर पर करोड़ों हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन प्रधानमंत्री को सौंपेगी हिन्दू महासभा

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार अयोध्या। अखिल भारत हिन्दू महासभा की स्थापना आज से 109 वर्ष पूर्व 13 अप्रैल 1915 को हरिद्वार में महामना मदन मोहन मालवीय और स्वामी श्रद्धानंद के प्रयासों से हुई थी । आने वाली 13 अप्रैल को हिन्दू महासभा का 109 वा स्थापना दिवस हिन्दू राष्ट्र निर्माण संकल्प दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जायेगा । मुख्य समारोह नई दिल्ली के जंतर मंतर पर '' हिन्दू राष्ट्र निर्माण समारोह '' के रूप में आयोजित होने जा रहा है । हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि समारोह की अध्यक्षता हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी जी करेंगे । मुख्य अतिथि पद पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को आमंत्रित किया गया है । उनके अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर हिन्दू रत्न स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री , हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत स्वामी राजू दास जी महाराज , अयोध्या के धर्माचार्य स्वामी करपात्री जी महाराज , हिन्दू रत्न जगतगुरु स्वामी परमहंसाचार्य जी महाराज और सुदर्शन चौनल के सुरेश चव्हाण के को विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में आमंत्रित किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी के अनुसार गत वर्ष 108 वे स्थापना दिवस पर जंतर मंतर से हिन्दू महासभा के तत्कालीन राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान का सूत्रपात किया था । उन्होंने हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितिन उपाध्याय को हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान समिति का राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत करते हुए हस्ताक्षर अभियान का उत्तरदायित्व उन्हे सौंपा था । नितिन उपाध्याय ने सम्पूर्ण भारत का भ्रमण करते हुए न केवल हस्ताक्षर अभियान को राष्ट्रव्यापी गति प्रदान की , वरन देश भर से धर्माचार्यों और साधु संतों का समर्थन प्राप्त कर हस्ताक्षर अभियान को एक नई दिशा प्रदान की । 13 अप्रैल को हिन्दू राष्ट्र निर्माण सम्मेलन में करोड़ों हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कर कमलों से प्रधानमंत्री को सौंपा जाएगा और उनसे संसद में विधेयक पारित कर भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग की जाएगी । हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने अयोध्या से जारी बयान में बताया कि हिन्दू राष्ट्र निर्माण समारोह में देश भर से पांच हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को जंतर मंतर पर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है । कार्यक्रम की तैयारियों का आरंभ हो चुका है । शीघ्र ही कार्यक्रम आयोजन के लिए एक आयोजन समिति का गठन भी किया जायेगा । राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि हिन्दू राष्ट्र निर्माण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है । हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश इस मांग का पूर्ण समर्थन करती है और हिन्दू महासभा के हस्ताक्षर अभियान में भी सहभागिता निभाई है । उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर अयोध्या सहित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश से एक हजार सदस्यों का दल कार्यक्रम में शामिल होगा।

# बदलते मौसम में डायरिया व वायरल फीवर से रहे लोग सतर्क – डाक्टर अनूप तिवारी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)इस समय मौसम के बदलने से लोगो को अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सजग रहना होगा। इस समय खासकर डायरिया,वायरल फीवर बहुत ही तेजी से फैल रहा है।इस बात की जानकारी देते हुए चिकित्सक डाक्टर अनूप तिवारी ने बताया कि इसके लिये हम सभी को बाहर की खाद्य पदार्थों से परहेज करना होगा। क्योंकि इस समय बाहर तेजी से उड़ रहे धूल व अन्य गंदगी खुले व बाहर रखे खाद्य पदार्थों पर जाकर बैठ रहे हैं जिसका हम सभी सेवन करते हैं। जिसके चलते बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक डायरिया का शिकार होकर बीमार होते हैं।उन्होंने बताया कि डायरिया में उल्टी दस्त अधिक होने के चलते इससे ग्रस्त बीमार व्यक्तियों व बच्चों में पानी की कमी हो जाती है। जिसके चलते उसे चक्कर आने लगता है और बहुत ही कमजोरी होती है। मरीज अगर सही समय पर इलाज नहीं कराया तो उसे चिकित्सालय की ओर भागना पड़ता है।इसमें पानी की कमी को पूरा करने के लिये मरीज को ग्लूकोज इंजेक्शन व ड्रिप के माध्यम से दिया जाता है। जिसके चलते रोगी के शरीर में इसके माध्यम से पानी की आपूर्ति होने पर वह स्वस्थ होता है। उन्होंने बताया कि इससे ग्रस्त रोगियों को तरबूज,ताजे फल और जहां तक हो सके अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। उन्होंने बताया कि इस समय सभी वर्ग के इस बदलते हुए मौसम से बचें। क्योंकि इस समय वायरल फीवर बहुत ही तेजी से फैल रहा है। उनके मुताबिक अगर यह वायरल फीवर किसी उम्र के लोगों को अपने चपेट में ले लेगा तो कम से कम एक सप्ताह तक वह इस रोग से मुक्ति नहीं पायेगा। इस तरह के शिकार रोगी में बुखार तेजी से चढ़ता है उतनी ही तेजी से उतरता है।मरीज के शरीर में बहुत ही पीड़ा होती है।यह सिलसिला एक सप्ताह तक बना रहता है। अगर इस तरह के लक्षण किसी भी बच्चों व अन्य वर्ग के लोगों में दिखाई दे तो वह बिना देरी किये अपने नजदीकी चिकित्सक से सलाह लें।

# बिना नोटिस किसानों की फसल की जा रही नष्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत तिहूरा माझा व मांझा बरेहटा के किसानों ने मंगलवार को थीम पार्क तिहुरा मांझा के निकट प्रदर्शन किये। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन किए। किसानों की मांग रही की अयोध्या बालू घाट बंधा तिराहे से लेकर दशरथ समाधि पूरा ब्लॉक तक बंधे सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। बंधे सड़क के बगल की गेंहू व गन्ना की फसल को पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार द्वारा नष्ट किया जा रहा है। बंधा के बगल खेती किसानी करने वाले किसानों को ना तो अब तक उचित मुआवजा दिया गया है। ना ही कोई नोटिस दिया गया है। बावजूद इसके इनकी फसलों को नष्ट किया जा रहा है। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि यहा पर ठेकेदार और अधिकारियों का रवैया ठीक नहीं है। बिना नोटिस व बिना मुआवजे के बंधा चौड़ीकरण सड़क निर्माण के चलते सैकड़ों किसानों की फसल को रौदा जा रहा है। उन्होंने आक्रोश भरे शब्दों में कहा कि यदि किसानों की मांगे पूरी नहीं हुई तो प्रदर्शन और उग्र होगा। उन्होंने कहा कि अब तक शासन–प्रशासन स्थानीय थाना अयोध्या कोतवाली में इसकी लिखित सूचना दी गई है। लेकिन अभी तक किसानों को न्याय नहीं मिला है। इसी के चलते आज पीड़ित किसान थीम पार्क तिहुरा मांझा के निकट प्रदर्शन किया गया किसान पैदल मार्च करते हुए बालु घाट ओबरब्रिज के पास कोतवाली प्रभारी अयोध्या को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर पीड़ित किसान भोला यादव वीरेंद्र यादव ,दयाराम, अमरजीत, राजाराम, रमाकांत, मीरा ,भगवती , चंद्रबली , दान बहादुर सियाराम, माधुरी, रंजनी , शिवराम ,उर्मिला, श्रीमती और दुर्गेश सहित अन्य किसान उपस्थित रहे और विरोध प्रकट किये।

# क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय का एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित : मेले में 280 प्रतिभगियों में 121 चयनित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)तहसील रूदौली सभागार में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में बेरोजगारो को रोजगार का आश्वासन मिला। जानकारी के मुताबिक तहसील सभागार में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से आयोजित किया गया।भाजपा नेता विधायक पुत्र आलोक यादव ने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या के उपनिदेशक परमवीर कृष्णा ने कहा कि रोजगार मेले में टेक्निकल,नान टेक्निकल कार्मिकों के चयन के निजी क्षेत्र की पाँच कंपनियों ने भाग लिया है।मेले में हाईस्कूल से स्नाकोत्तर व विभिन्न डिप्लोमा धारक 18 से 45 वर्ष तक के युवाओं ने भाग लिया।कहा कि सरकार के हर हाथ को काम देने और बेरोजगारों को बेरोजगार देकर आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से विधान सभा रूदौली क्षेत्र में रोजगार मेला आयोजित किया गया।मेले में 280 प्रतिभगियों ने प्रतिभाग किया 121 चयनित बेरोजगारों को रोजगार दिया गया।कहा कि होली हर्ब्स में 32,ब्राइट फ्यूचर में 27,पीपल ट्री में 41,निमिया में 21 लोगों को चयनित किया गया।कुछ लोगों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया है।इसके अलावा जी 4 एस के प्रतिनिधि नहीं आए। कंपनी के अनुरोध पर इस कंपनी के लिए रिज्यूम जमा किए गए हैं।मेले में आई टांडा खुलासा की शिखा कुमारी ने बताया आईटीआई किया है।होली हेर्ब्स में रिजीयूम जमा किया। अमराई गांव के रंजीत कुमार ने बताया रिज्यूम ले लिया गया है।कहा है कि दो से तीन दिन में कॉल कर बुलाया जाएगा। बताया कि विषय गत कोई बात नही की गई। न ही नियुक्ति पत्र दिया गया।इस मौके पर एसडीएम स्वप्निल यादव, तहसीलदार प्रज्ञा सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर आमआदमी पार्टी की बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)रूदौली नगर पालिका में आम आदमी पार्टी की निकाय चुनाव को लेकर एक बैठक जिला उपाध्यक्ष हैदर अली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिले के जिला प्रभारी संजीव निगम ने कहा कि आम आदमी पार्टी नगर निकाय चुनावों को पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में नव–नियुक्त प्रभारी जिले के प्रत्येक निकायों की समीक्षा कर रहे है जो सभी निकायों में प्रत्याशियों के चयन का काम शीघ्र ही पूरा कर लेगें।प्रदेश प्रवक्ता व जिला प्रभारी संजीव निगम ने कहा कि जिले की रूदौली नगर पालिका क्षेत्र से अध्यक्ष पद के लिए रुदौली नगर से दावेदारों में सबसे मजबूत दावेदार नसरीन बानो हैं।नसरीन बानो ने बैठक में आए लोगों को संबोधित करते आम आदमी पार्टी की नीतियों से लोगो को अवगत कराया है और लोगों से आम आदमी पार्टी को मजबूत करने की अपील की।उक्त अवसर पर नन्हे अली,महमूद अहमद, मोहम्मद अलीम,मोहम्मद फहीम,मोहम्मद मुस्ताक,मोहम्मद रसीद,मोहम्मद कुद्दुस,शिव प्रसाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने इन्वेस्टर समिट में प्राप्त इन्वेस्ट के प्रस्ताओ को धरातल पर उतारने के दृष्टिगत उद्यमियों–निवेशको के साथ बैठक की

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्यान अधिकारी सहित क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विद्युत, श्रम व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियो की उपस्थिति में जनपद के उद्यमियों एवं निवेशकों के साथ बैठक की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उद्यमियों–निवेशको की समस्याओं एवं सुझावों को एक–एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित विभाग के अधिकारियो को समस्याओ के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने–अपने विभाग के योजनाओं की विस्तृत एवम् अद्यतन जानकारी रखें और उद्यमियों को भी प्रदान करें। निवेशको को योजनाओ की जानकारी सुगमता से उपलब्ध कराये। निवेशको की समस्याओ का संबंधित विभाग त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट : पत्नी से दुराचार के मामले में पति की जमानत खारिज : कानपुर के चकेरी का मामला

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी से बलात्कार व अप्राकृतिक दुराचार और धोखाधड़ी के आरोपी पति अनुज चेतन सरस्वती उर्फ अनुज कठेरिया की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। एक अन्य युवती से विवाह कर इसी प्रकार का अपराध करने के मामले में याची की संलिप्तता पर अदालत ने कहा कि याची का अपराधिक इतिहास है। ऐसे लोग समाज के लिए घातक हैं और ऐसे लोगों को कारागार ही रहना चाहिए। अदालत ने अधीनस्थ न्यायालय को मुकदमे का ट्रायल कोर्ट को दिन प्रतिदिन के आधार पर यथाशीघ्र सुनवाई निस्तारित करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी ने पति अनुज चेतन सरस्वती उर्फ अनुज कठेरिया की जमानत अर्जी पर दिया है। प्रकरण के अनुसार पति की असलियत सामने आने पर पीड़िता ने उसके खिलाफ कानपुर जिले के चकेरी थाने में प्रथिमिकी दर्ज कराई। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान प्रस्तुत अपराधिक इतिहास से पता चला कि वह इसी तरह के अपराध मे पूर्व में भी एक युवती से विवाहको लेकर संलिप्त था। जिसे लेकर याची के खिलाफ कानपुर के किदवईनगर एवं शाहजहांपुर के निगोही थाने में अप्राकृतिक दुराचार व जानलेवा हमला करने के मुकदमे दर्ज हैं।

# माल मलिहाबाद में कोई भी दिव्यांग छूटने ना पाये, सभी को सुविधाएँ मिलें –संयोगिता सिंह चौहान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आगामी 19 मार्च को माल ब्लाक के घटघटा बाबा निकट बरगदिया चौराहा पर निःशुल्क दिव्यांगजन समग्र पुनर्वास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए माल ब्लॉक की प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, बैसाखी, ब्लाइंड स्टिक, बाकर, कान की मशीन आदि उपलब्ध कराया जाएगा।

# चोरी की महिन्द्रा जीप के साथ आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रौनाही थाना पुलिस ने चोरी की महिन्द्रा जीप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक थाना रौनाही के नेतृत्व में रामा शंकर सरोज थाना रौनाही जनपद अयोध्या ने हेड कांस्टेबल मुकेश यादव थाना रौनाही जनपद अयोध्या, कांस्टेबल रामप्रवेश थाना रौनाही जनपद अयोध्या व कांस्टेबल प्रियेश तिवारी थाना रौनाही जनपद अयोध्या के चेकिंग पर निकले थे।इन पुलिस कर्मियों को मुखबिर से सूचना मिली कि लखनऊ



की तरफ से दिल्ली से चुराई हुई एक काले रंग की महिन्द्रा थार जीप आ रही है जिस पर राजस्थान का नम्बर पड़ा हुआ है। जिसपर रौनाही पुलिस टीम दिनकरपुर ओवरब्रिज के पास लखनऊ अयोध्या हाईवे पर सघन चेकिंग के दौरान महिन्द्रा थार जीप व एक व्यक्ति को साढ़े दस बजे पकड़ लिया।पुलिस ने इसकी पहचान चन्द्रशेखर शर्मा पुत्र स्वर्गीय विशम्भर दयाल शर्मा निवासी शेड का मड गोपालगढ़ थाना मथुरा गेट जिला – भरतपुर राजस्थान के रूप में की। वही महिन्द्रा थार जीप का गाड़ी नम्बर व कागजात चेक करने पर गाड़ी के इंजन पर अंकित इंजन में भिन्नता पायी गयी।ई चालान एप से इंजन चेक करने पर रवि फोगाट पुत्र धरम सिंह निवासी 163 हुमायुपुर सफदरगंज इन्क्लेव एस.ओ. नई दिल्ली के नाम पंजीकृत पाया गया । पकड़े गये आरोपी से कड़ाई से पूछ–ताछ की गई तो आरोपी ने इस गाड़ी को 7 फरवरी 2023 को पार्क गेट के पास से थाना सफदरगंज इनक्लेव नई दिल्ली से चुराया था।जिसका नम्बर प्लेट बदलकर फर्जी नं0 प्लेट व चेचिस नंबर भी बदल कर फर्जी कागजात तैयार कर इसे बेचने के लिये ले जा रहा था।बरामद गाडी के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो 8 फरवरी 2023 को थाना सफदरगंज इन्क्लेव नई दिल्ली में इस गाड़ी के चोरी होने की मुकदमा पंजीकृत है।

## वैवाहिक स्थल पर दोनो पक्षों में हुआ जमकर हंगामा

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या थाना बीकापुर के रुरुखांस गांव में मध्य रात्रि वर तथा वधू पक्ष में विवाद हो गया। विवाद होने के बाद दूल्हा रात में वैवाहिक स्थल से गायब हो गया। इसके बाद बाराती भी निकलने लगे। मामले में कोतवाली बीकापुर में मुकदमा पंजीकृत करके पुलिस मामले की जांच कर रही है।दुल्हन की बहन का आरोप है कि रात में वर पक्ष के लोग कैश की मांग कर रहे थे। बहन के सिर पर बाल कम है। अगुवा व उसकी पत्नी के साथ लड़के के चाचा व लड़के को कन्या दिखाई गयी। जिसके बाद शादी तय हुई। आरोप यह भी है कि रात में दूल्हे के बाप ने दुल्हन के सिर में बाल कम होने का आरोप लगाते हुए उनका बाल उखाड़ लिया। इसके बाद भोजन पर गाड़ी चढ़ा दी तथा दुल्हन के जीजा व भाई को गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया। मामला कोतवाली पहुंचा। जहां दोनो पक्ष में सुलह समझौते का प्रयास भी हुआ। अंत में पुलिस ने वधू पक्ष की तरफ से मुकदमा पंजीकृत करके जांच प्रारम्भ कर दी है। सीओ बीकापुर ने बताया कि बीकापुर के रुरुखास में शादी समारोह के दौरान वर व वधू पक्ष में विवाद हो गया। वधू पक्ष की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करके जांच की जा रही है।

# गायब हुए महंत के शिष्यों ने प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या राम नगरी में नरसिंह मंदिर के बीते 40 दिन से लापता श्री महंत राम सरण दास महाराज के शिष्य हरि ओम दास महाराज चित्रकुटी व एक और शिष्या ग्राम निधियांवा तारुन अयोध्या निवासी ने जनपद के बड़े पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र देकर मंदिर में रह रहे राम शंकर दास व राजकुमार दास पर गम्भीर आरोप लगाते हुवे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है तथा जांच टीम को भी अपना बयान दे रखा है। फिर भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही आरोपियों खिलाफ नही की है। महंत के गायब होने के प्रकरण में पुलिस हवा में तीर चला रही है तथा किसी प्रकार से मामले को धीरे–धीरे शांत करने की फिराक में है।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।